28.5.2026

To,

| | |
|---|---|
| **The Manager**<br>**Listing Department**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**Bandra Kurla Complex, Bandra (East)**<br>**Mumbai – 400 051**<br><br>**Symbol: JASH** | **The Manager**<br>**Listing Department**<br>**BSE Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**<br>**Dalal Street, Mumbai - 400 001.**<br><br>**Scrip Code: 544402** |

Dear Sir/ Ma'am,

**Subject: Submission of newspaper publication of Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2026**

**Symbol: JASH**

In compliance with the provisions of Regulation 47 and other applicable provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby submit copy of newspaper publication of the Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2026 published on 28th May 2026 in newspapers viz. Economic Times_Mumbai Edition (In English) and Naidunia_Indore Edition (in Hindi).

You are kindly requested to take on record the above said information.

Thanking You,
Yours Faithfully,
**For Jash Engineering Limited**

TUSHAR KHARPADE
Digitally signed by TUSHAR KHARPADE
Date: 2026.05.28 14:43:29 +05'30'

**Tushar Kharpade**
Company Secretary & Compliance Officer
Encl: A/a

# IndiGo, Air India Trim Domestic Flights Amid Surge in Fuel Cost

Steeper monsoon cuts may push up fares as airlines grapple with rising operational expenses and a weaker rupee



**Arindam Majumder**

**New Delhi:** IndiGo and Air India are reducing domestic flights during the June-August period as higher fuel costs squeeze operations. According to aviation data analytics agency Cirium, Air India and its low-cost arm Air India Express will operate about 20% fewer domestic flights during June and July, while market leader IndiGo is expected to cut flights by 10-12%.

The reductions are likely to push up fares as the two airlines together account for more than 90% of India's domestic aviation market. The June-August period is typically a weak quarter for Indian airlines as it coincides with the monsoon season and a seasonal slowdown in travel demand after the summer holidays.

Airlines usually trim flights during this period to undertake maintenance work. This year, however, the cuts are steeper because of higher jet fuel prices.

Air India had earlier significantly reduced international flights for the June-August period, including suspending services to key US destinations such as Chicago and Newark. "These adjustments are driven by the sustained impact of high fuel prices on overall operations. Air India will continue to monitor demand and operating conditions closely, with a view to restoring frequencies as conditions stabilise," an Air India spokesperson said.

While the government has absorbed 75% of the increase in jet fuel prices, airline executives said the rise was still hurting costs. They also expect a sharper increase in jet fuel prices on June 1 in line with higher petrol and diesel prices.

Global average jet fuel prices rose to $195.19 a barrel for the week ended March 27 after the US and Israel launched attacks on Iran. Prices have since cooled but were still at $159.85 a barrel, about 70% higher than February levels.

## AI's Delhi-San Francisco Flight Returns After 8 Hours on Mid-Air Snag

**Press Trust of India**

**New Delhi:** An Air India flight bound for San Francisco returned to New Delhi on Wednesday after developing a technical snag mid-flight, forcing the aircraft to turn back after spending more than eight hours in the air, according to the airline and flight-tracking data.

Flight AI173, operated by a Boeing 777-300ER with around 230 passengers onboard, departed from Delhi for San Francisco before returning to the national capital in line with standard safety procedures, Air India said in a statement. The aircraft had been airborne for more than three hours and was flying through Chinese airspace when it began diverting back to Delhi, data from flight-tracking website Flightradar24 showed. "The aircraft landed safely and will undergo technical inspection in line with Air India's safety standards", the airline said.

## Out-of-Pocket Healthcare Expenses See Sharp Fall as Govt Ups Spending

**Teena Thacker**

**New Delhi:** The burden on Indian families paying for healthcare from their pockets has eased significantly over the past decade, with out-of-pocket expenditure falling to 43.4% of total health spending in 2022-23 from 64.2% in 2013-14, according to government data released on Wednesday.

The National Health Accounts (NHA) estimates for 2022-23, released by the Union health ministry, showed a near 21 percentage point drop in out-of-pocket expenditure (OOPE) over ten years has been driven largely by the government steadily spending more on public health, it said.

**₹2,786**
**CURRENT PER CAPITA GOVERNMENT HEALTH EXPENDITURE, UP FROM ₹1,042 OVER THE DECADE**

"Reducing the burden of OOPE on households has been a key priority for the government, pursued through various health schemes," the health ministry said.

Data showed public health spending has grown consistently since 2013-14. Government Health Expenditure (GHE) as a share of GDP rose from 1.15% in 2013-2014 to 1.43% in 2022-23. "As per the new GDP series with base year 2022-2023, GHE as % of GDP is 1.48% over the same period. Similarly, GHE's share in general government expenditure has increased from 3.78% to 4.89% over the same period," it said.

In per capita terms what the government spends on each person's health has grown 2.7 times, from ₹1,042 to ₹2,786 over the decade.

The government's share of total health expenditure has also crossed a landmark threshold, rising from 28.6% in 2013-14 to 43.7% in 2022-23. In 2021-22, government health expenditure surged to 1.84% of GDP as the Centre funded emergency Covid response packages and the world's largest vaccination drive. That year, out-of-pocket spending's share of total health expenditure dipped to a record low of 39.4%. The figure has since settled at 43.4% as pandemic-era spending normalised.

The data also points to a wider health financing safety net. Social Security Expenditure covering government health insurance, employee medical reimbursements and social health insurance programmes grew from 6% to 9.9% of total health expenditure between 2013-14 and 2022-23, the government said.


## Ebola Scare Ruled Out as Bengaluru Patient Tests -ve

**New Delhi:** The Pune-based National Institute of Virology (NIV) on Wednesday said that a sample from a visitor from Uganda tested for Ebola Virus Disease is negative.

The outbreak of the disease in the Democratic Republic of Congo and Uganda has been declared a public health emergency by the World Health Organisation (WHO).

According to the authorities, the person had reported mild body ache and, as a precautionary measure, was placed under isolation at the state-run Epidemic Diseases Hospital in Bengaluru for observation and evaluation. The individual remained otherwise healthy, they said.

The ministry of health and family welfare, in coordination with state authorities, said it is closely monitoring the evolving Ebola Virus Disease situation in view of recent outbreaks reported in parts of Africa, and is maintaining close surveillance in accordance with WHO guidelines. "No case of Ebola Virus Disease has been confirmed in India," it said on Wednesday. —**Teena Thacker**


| GROSS PREMIUM | | PROFIT AFTER TAX | | SOLVENCY | | NET WORTH | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31.03.2026 | 31.03.2025 | 31.03.2026 | 31.03.2025 | 31.03.2026 | 31.03.2025 | 31.03.2026 | 31.03.2025 |
| 44,007 (₹ in Crores) | 41,154 (₹ in Crores) | 8,392 (₹ in Crores) | 6,701 (₹ in Crores) | 4.21 | 3.70 | 51,301 (₹ in Crores) | 43,107 (₹ in Crores) |

**FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH 2026**

Amount in ₹ Crores

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended (Three Months) | Year to date Figures (Three Months) | Corresponding Three Months ended in the previous year | Quarter ended (Three Months) | Year to date Figures (Three Months) | Corresponding Three Months ended in the previous year |
| | | (31.03.2026) | (31.03.2026) | (31.03.2025) | (31.03.2026) | (31.03.2026) | (31.03.2025) |
| | | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total income from operations$ | 11,030 | 44,007 | 10,367 | 11,161 | 44,368 | 10,746 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items#) | 2,960 | 10,793 | 2,923 | 3,108 | 11,447 | 3,144 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 2,960 | 10,793 | 2,923 | 3,108 | 11,447 | 3,144 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 2,254 | 8,392 | 2,183 | 2,533 | 9,662 | 2,499 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income | 2,254 | 8,392 | 2,183 | 2,533 | 9,662 | 2,499 |
| 6 | Equity Share Capital | 877 | 877 | 877 | 877 | 877 | 877 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year. | 52,861 | 52,861 | 43,927 | 58,419 | 58,419 | 47,782 |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 5/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| | 1. Basic: | 12.85 | 47.84 | 12.44 | 14.44 | 55.08 | 14.24 |
| | 2. Diluted: | 12.85 | 47.84 | 12.44 | 14.44 | 55.08 | 14.24 |

**Note**

a. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and year to date Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and year to date Financial Results along with the Auditor's Report, are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.bseindia.com) and (www.nseindia.com) and have been posted on the Corporation's website at (https://www.gicre.in/images/2026/Outcome_of_Board_Meeting_final_signed_26th_May_2026.pdf) and can be accessed by scanning the QR Code.

b. $Total Income from Operations is gross written premium, gross of reinsurance and net of applicable taxes.

**For and on behalf of General Insurance Corporation of India**
**Hitesh Joshi**
**ED (Additional Charge of CMD)**
**DIN:09322218**

**Place: Mumbai**
**Dated: 26/05/2026**

**GIC Re trade logo displayed above belongs to GIC Re and is used by GIC Re under license, Suraksha",170, Jamshedji Tata Road, Churchgate, Mumbai - 400 020, Tel.: +91 22 2286 7000, CIN: L67200MH1972GOI016133 IRDA reg: 112, website www.gicre.in**

**General Insurance Corporation of India**

"Suraksha", 170, Jamshedji Tata Road, Churchgate, Mumbai 400020, India. | Telephone (Board): +91 22 2286 7000 • Email id: investors.gic@gicre.in

IRDAI Registration No.: 112 CIN No.: L67200MH1972GOI016133 www.gicre.in



**JASH**

**JASH ENGINEERING LIMITED**
CIN: L28910MP1973PLC001226

RODNEY HUNT — Since 1840 — RODNEY HUNT INC. USA
MM — Since 1927 — MAHR MASCHINENBAU GMBH, AUSTRIA
WATERFRONT — Since 2006 — WATERFRONT FLUID CONTROLS LTD, UK

*Equipment for water & waste water conveyance, pumping & treatment*

Rs.757 Cr Total Income | Rs.76 Cr PAT | Rs.12 EPS | Rs.409 Cr Revenue out of India | Rs.899 Cr Order Book Position

**EXTRACT OF THE AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026**

| Sr. No. | Particulars (Rs. In Lakhs Except for EPS) | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Mar-2026 Audited | 31-Dec-2025 Unaudited | 31-Mar-2025 Audited | 31-Mar-2026 Audited | 31-Mar-2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 29957.19 | 16458.17 | 30341.75 | **75668.00** | 74556.04 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax | 6933.74 | 1290.56 | 5090.97 | **9009.20** | 10763.67 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | 5665.29 | 1306.64 | 3575.04 | **7551.59** | 8676.94 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 6589.60 | 1553.94 | 3675.12 | **9356.88** | 8816.66 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.2/- each) | 1258.10 | 1258.10 | 1255.10 | **1258.10** | 1255.10 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised) | 9.01 | 2.08 | 5.72 | **12.01** | 13.88 |
| | b) Diluted (not annualised) | 8.98 | 2.07 | 5.68 | **11.97** | 13.78 |

**EXTRACT OF THE AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026**

| Sr. No. | Particulars (Rs. In Lakhs Except for EPS) | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Mar-2026 Audited | 31-Dec-2025 Unaudited | 31-Mar-2025 Audited | 31-Mar-2026 Audited | 31-Mar-2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 19489.57 | 10646.36 | 19713.27 | **50904.37** | 52308.84 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax | 4063.32 | 1789.15 | 2913.55 | **8738.53** | 9372.25 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | 3102.41 | 1502.92 | 2214.36 | **6808.73** | 7528.69 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 3084.77 | 1560.92 | 2208.38 | **6748.63** | 7355.53 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.2/- each) | 1258.10 | 1258.10 | 1255.10 | **1258.10** | 1255.10 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised) | 4.94 | 2.77 | 3.54 | **10.83** | 12.04 |
| | b) Diluted (not annualised) | 4.92 | 2.76 | 3.51 | **10.79** | 11.96 |

The above audited standalone and consolidated financial results of Jash Engineering Limited ("the Company" or "the Holding Company") for the quarter and year ended 31st March, 2026 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their meeting held on 26th May, 2026. The full format of the audited Standalone and Consolidated Financial Results are available on the website of the National Stock Exchange of India Limited, www.nseindia.com, BSE Limited www.bseindia.com, and on the Company's website.

**Reg Office: 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015,MP, INDIA**
Ph: 0731-6732700
Email:- info@jashindia.com
Website: www.jashindia.com

Scan QR

CELEBRATING 52 YEARS 1973-2025 WHEN EVERY DROP COUNTS JASH

For, **Jash Engineering Limited**
**Pratik Patel**
Chairman & Managing Director
DIN- 00780920

***Contributing to a sustainable environment........ World wide!***



30% Revenue Growth Y-o-Y | 28% Operational PAT Growth Y-o-Y

**TRANSRAIL**
Transrail Lighting Ltd

Highest ever REVENUE, EBITDA & PAT

***Building Scale • Creating Value • Expanding Globally***

**Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2026**

| Sr. No. | Particulars | Consolidated (Rs. In Crores) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | Year ended | |
| | | Mar. 31, 2026 (Refer Note 3) | Mar. 31, 2025 (Refer Note 3) | Mar. 31, 2026 (Audited) | Mar. 31, 2025 (Audited) |
| 01 | Total income from operations | 1,863.46 | 1,946.02 | 6,880.11 | 5,307.75 |
| 02 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 143.50 | 176.75 | 584.01 | 467.13 |
| 03 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 143.50 | 176.75 | 566.63 | 467.13 |
| 04 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 96.50 | 127.20 | 403.59 | 328.68 |
| 05 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 106.36 | 129.51 | 409.44 | 331.87 |
| 06 | Equity Share Capital | 26.85 | 26.85 | 26.85 | 26.85 |
| 07 | Other Equity | | | 2,254.44 | 1,854.22 |
| 08 | Earning Per Equity Share (Face value Rs.2/- each) (not annualised except for the year ended March) | | | | |
| | 1. Basic: | 7.19 | 10.02 | 30.06 | 25.88 |
| | 2. Diluted: | 7.15 | 9.96 | 29.90 | 25.72 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of the Financial Results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The Financial Results were reviewed by the audit commitee and approved by the board of Directors in their meeting held on May 26, 2026. The full format of the Financial results are available on Stock Exchange websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on Company's website www.transrail.in
2. Information of Standalone Financial Results of the Company is as under:-

| Sr. No. | Particulars | Standalone (Rs. In Crores) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | Year ended | |
| | | Mar. 31, 2026 (Refer Note 3) | Mar. 31, 2025 (Refer Note 3) | Mar. 31, 2026 (Audited) | Mar. 31, 2025 (Audited) |
| 01 | Revenue from operations | 1,863.32 | 1,945.99 | 6,878.63 | 5,307.63 |
| 02 | Profit before exceptional items and tax | 146.94 | 174.69 | 591.97 | 474.74 |
| 03 | Profit after exceptional items and tax | 100.02 | 125.24 | 411.63 | 336.39 |

3. The figures for the quarters ended March 31, 2026 and March 31, 2025 are the balancing figures between the audited figures in respect of full financial years and published unaudited year to date figures up to 3rd quarter of the respective financial years which were subjected to limited review.

**For Transrail Lighting Limited**
**Sd/-**
**Randeep Narang**
**Managing Director & CEO**
**DIN: 07269818**

**Place: Mumbai**
**Date: May 26, 2026**

**TRANSRAIL LIGHTING LIMITED**
Registered Office: 501, A,B,C,E Fortune 2000, Block-G, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai-400051.
Tel. +91-22-6197-9600
Website: www.transrail.in,CIN: L31506MH2008PLC179012


## इटली में दुनिया के पहले क्लोन घोड़े का जन्म हुआ

2003 में आज ही इटली में पहले क्लोन घोड़े 'प्रोमेटिया' का जन्म हुआ था। विज्ञान के इतिहास में यह पहली बार था जब कोई क्लोन स्तनपायी जीव अपनी ही आनुवंशिक मां से प्राकृतिक प्रसव द्वारा पैदा हुआ। इसे प्रोफेसर सेसारे गैली ने विकसित किया था।



## अंतरिक्ष का वो सफर जिसने बंदरों को बनाया स्पेस हीरो

1959 में आज ही अमेरिका ने 'एबल' व 'बेकर' नामक बंदरों को अंतरिक्ष भेजा था। एएम–18 राकेट से उड़ान भरकर बंदरों ने 16,000 किमी/घंटे की रफ्तार से 482 किमी की ऊंचाई छुई और कुल 2,214 किमी की दूरी तय की।



## सावरकर ने 1857 की क्रांति को कहा था प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

1857 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहने वाले क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 1883 में आज ही बांबे प्रेसिडेंसी के नासिक जिले में हुआ था। मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होंने मित्र मेला संगठन बनाया। ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की योजना के आरोप में उनके विरुद्ध 1909 में वारंट जारी हुआ। गिरफ्तारी के बाद उनको दोहरे कारावास की सजा दी गई। अंडमान की सेलुलर जेल में करीब 10 वर्ष बिताए और अमानवीय यातनाएं सहीं। 1924 में जेल से रिहा किए गए। सावरकर ने हिंदुत्व की विचारधारा को संहिताबद्ध किया। 26 फरवरी 1966 को उनका निधन हो गया।



### इधर–उधर की

## रोबोट बना बौद्ध भिक्षु, ली बिजली बचाने की शपथ



मंत्रोच्चार व इंसानों जैसी दीक्षा ने लोगों को चौंकाया ● इंटरनेट मीडिया

**सियोल, एजेंसी** : दक्षिण कोरिया में तकनीक और अध्यात्म का अनोखा संगम देखने को मिला, जब सियोल के प्रसिद्ध मंदिर में गाबी नाम के ह्यूमनाइड रोबोट को आधिकारिक रूप से बौद्ध भिक्षु बना दिया गया। पारंपरिक बौद्ध वस्त्र पहने इस रोबोट ने वरिष्ठ भिक्षुओं के सामने सिर झुकाकर मंत्रोच्चार किया और सभी रस्में निभाईं। हालांकि, मशीन होने के कारण उसके लिए पारंपरिक व्रतों में बदलाव किए गए। गाबी ने जीवन का सम्मान करने, इंसानों की आज्ञा मानने और बिजली बचाने की शपथ ली। दीक्षा के दौरान उसकी त्वचा पर कपूर जलाने की परंपरा की जगह बाजू पर कमल का स्टिकर लगाया गया और गले में 108 मोतियों की माला पहनाई गई। दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े बौद्ध संप्रदाय का कहना है कि यह पहल युवाओं को धर्म से जोड़ने और भिक्षुओं की घटती संख्या की समस्या दूर करने के लिए की गई है।

# देश के 81 करोड़ गरीबों को समय पर मिलेगा पूरी मात्रा में अनाज

### बदलाव ● मंत्रिमंडलीय समिति ने नई 'सार्थक–पीडीएस' योजना को दी मंजूरी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली** : देश के 81.35 करोड़ गरीबों तक समय पर और पूरी मात्रा में राशन पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में बड़ा बदलाव करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नई 'सार्थक–पीडीएस' योजना को मंजूरी दी है। इस पर पांच वर्षों में 25,530 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से राशन वितरण अधिक पारदर्शी, तेज और भरोसेमंद बनेगा तथा गरीबों तक सही मात्रा में अनाज पहुंच सकेगा। माना जा रहा है कि यदि राज्यों में इसे सही तरीके से लागू किया गया तो राशन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। कालाबाजारी और फर्जी राशन कार्डों पर रोक लगेगी तथा गरीबों को उनका पूरा हक मिलेगा। सरकार भी इसे गरीबों के लिए अधिक भरोसेमंद और आधुनिक राशन व्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा कदम मान रही है।

कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नई व्यवस्था का उद्देश्य राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया को एक ही डिजिटल सिस्टम से जोड़ना है।





- गोदाम से लाभार्थी तक हर चरण की होगी एकीकृत निगरानी
- पता चलेगा कि कि किस राज्य–दुकान में कितना अनाज पहुंचा

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के गोदाम से लेकर अंतिम राशन दुकान और लाभार्थी तक हर चरण की निगरानी एकीकृत तरीके से हो सकेगी। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि किस राज्य में कितना अनाज पहुंचा है। किस दुकान पर कितना वितरण हुआ और कहां गड़बड़ी की आशंका है। अभी राशन व्यवस्था दो अलग–अलग योजनाओं के जरिये चल रही है। पहली योजना में भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से अनाज उठाकर राज्यों को जिलों, ब्लाकों और राशन दुकानों तक पहुंचाने के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। इसी में उचित मूल्य दुकानदारों का कमीशन भी शामिल है। दूसरी योजना में स्मार्ट पीडीएस के जरिये राशन व्यवस्था को डिजिटल और तकनीक आधारित बनाया जा रहा है।

> मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन योजनाओं को तकनीक से लैस कर अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बना रही है। एआइ–आधारित लाभार्थी पंजीकरण, जीपीएस ट्रैकिंग और क्यूआर कोड टैगिंग जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों के माध्यम से किफायती अनाज और अन्य योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ गरीबों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्यों की बढ़ती लाजिस्टिक लागतों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने और राशन दुकानों के पारिश्रमिक में वृद्धि का प्रविधान किया गया है।
>
> –अमित शाह, गृह मंत्री

सरकार का मानना है कि अलग–अलग योजनाओं में काम होने से समन्वय और निगरानी में दिक्कत आती है। कई राज्यों में व्यवस्था अलग तरीके से चल रही है। अब सरकार ने दोनों योजनाओं को मिलाकर एक नई एकीकृत व्यवस्था बनाई है, जिसका नाम 'सार्थक–पीडीएस' रखा गया है। यह योजना 31 मार्च, 2031 तक लागू रहेगी। अब राशन व्यवस्था में एआइ, मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और ब्लाकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा। अब सिस्टम खुद पहचान सकेगा कि कहां वितरण धीमा है, कहां अनाज की चोरी हो रही है या कहां फर्जीवाड़े की आशंका है। रियल टाइम मानिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया जाएगा। राज्यों में कमांड एवं कंट्रोल सेंटर बनाए जाएंगे, जहां पूरे पीडीएस नेटवर्क पर नजर रखी जाएगी। शिकायतों का समाधान एआइ आधारित सिस्टम से होगा। नई व्यवस्था में राशन दुकानदारों और राज्यों को भी राहत मिलेगी।

### पीएम ने एक्स पर पोस्ट में कहा – ऐसे गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी

# मोदी की देशवासियों से भावपूर्ण अपील भीषण गर्मी में बरतें हर संभव सावधानी

**नई दिल्ली, एजेंसी** : देशभर में सूरज की तपिश और बढ़ता पारा जिंदगियों को झुलसा रहा है। भीषण गर्मी के इस संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के जरिये देशवासियों से बेहद आत्मीय और भावपूर्ण अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मौसम हम सभी के लिए कड़ा इम्तिहान है, इसलिए सभी नागरिक अपनी सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतें।



**'अपनों की सेहत का रखें ख्याल'** : मोदी ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और तपती धूप में बाहर काम करने वाले मजदूरों के प्रति चिंता जताई। उन्होंने कहा, "यह भीषण गर्मी हम सभी के लिए बड़ी चुनौती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें, जब भी बाहर निकलें पानी साथ रखें।" उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे समय–समय पर अपने बुजुर्ग माता–पिता और परिजनों का हालचाल लेते रहें। उन्हें याद दिलाएं कि दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलें और पर्याप्त आराम करें।

**'चक्कर या कमजोरी को न करें नजरअंदाज'** : प्रधानमंत्री ने हीट एग्जाशन (गर्मी से होने वाली थकान) के लक्षणों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि चक्कर आना, जी मिचलाना या अत्यधिक थकान जैसे संकेतों को बिल्कुल नजरअंदाज न करें, क्योंकि यह लापरवाही हीटस्ट्रोक (लू) का रूप ले सकती है। यदि कोई अस्वस्थ महसूस करे, तो उसे तुरंत ठंडी या छायादार जगह पर ले जाएं और ओआरएस या पानी देकर उसकी मदद करें।

इसके साथ ही उन्होंने मानवता और करुणा का संदेश देते हुए कहा कि घर, बालकनी, दुकान या दफ्तर के बाहर बेजुबान पक्षियों और जानवरों के लिए पानी का एक कटोरा जरूर रखें। इस मुश्किल वक्त में हमारी छोटी सी संवेदना किसी बेजुबान के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है।

### अनुसंधान

## जीन थेरेपी से बैड कोलेस्ट्राल को 62 प्रतिशत तक किया जा सकेगा कम

हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया के इलाज के लिए एक बार की जीन थेरेपी से रक्त में बैड कोलेस्ट्राल का स्तर 62 प्रतिशत तक कम हो सकता है। यह कमी लंबे समय तक बनी रह सकती है। यह जानकारी न्यू इंग्लैंड जर्नल आफ मेडिसिन में प्रकाशित एक क्लिनिकल ट्रायल के परिणामों में सामने आई है।

अमेरिका स्थित फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलाजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एली लिली एंड कंपनी द्वारा विकसित वीईआरवीई–102 एक प्रायोगिक जीन थेरेपी है, जो लिवर में 'पीसीएसके9' जीन को स्थायी रूप से निष्क्रिय करके काम करती है। एक ही बार में थेरेपी रक्त में लो–डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्राल (एलडीएल–सी) का स्तर कम कर देती है। ट्रायल के अंतरिम विश्लेषण में हेटेरोजाइगस फैमिलियल हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया या समय से पहले कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित 35 वयस्कों के डाटा का अध्ययन किया गया। अध्ययन में, वीईआरवीई–102 के एक बार अंत:शिरा द्वारा दिए गए इंजेक्शन से रक्त में पीसीएसके9 प्रोटीन का स्तर काफी कम हो गया और सभी स्तरों पर एलडीएल–सी में इसी के अनुरूप कमी आई।'

बाट्र्स हेल्थ एनएचएस ट्रस्ट के हृदय रोग विशेषज्ञ रियाज एस पटेल ने कहा, 'ये शुरुआती आंकड़े उत्साहजनक प्रमाण देते हैं कि पीसीएसके9 का एक बार के उपचार से एलडीएल–सी में पर्याप्त और स्थायी कमी लाने का नया तरीका हो सकता है।' उच्च एलडीएल–सी वाले कई मरीज आज उपलब्ध दवाओं के बावजूद लगातार नियंत्रण पाने के लिए संघर्ष करते हैं, जिससे उनमें हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पटेल ने कहा, 'कोरोनरी धमनी रोग अब भी विश्व स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, इसलिए नए तरीकों की आवश्यकता बहुत अधिक है।' (प्रेट्र)

# भारत का पहला स्वदेशी सुपर–प्रेशर बैलून लांच

**नई दिल्ली, एजेंसी** : रेड बैलून एयरोस्पेस ने बुधवार को देश का पहला स्वदेशी सुपर–प्रेशर बैलून (एसपीबी) लांच किया, जिसमें सात राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के व्यावसायिक पेलोड ले जाए गए। एसपीबी हाई एल्टीट्यूड वाले गुब्बारे होते हैं। विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी स्टेडियम से लांच किया गया एसपीबी (विस्टा) लगभग 25 किमी की ऊंचाई तक पहुंचा।

रेड बैलून एयरोस्पेस के सह–संस्थापक और सीईओ सीवीएस किरण ने कहा, 'यह मिशन सुपर–प्रेशर बैलून की क्षमता को साबित करने के लिए लांच किया गया, जो भारत में पहले कभी नहीं किया गया।' हालांकि, बुधवार को लांच गुब्बारा 24 घंटे तक आकाश में रहने की उम्मीद है, लेकिन कंपनी का लक्ष्य महीनों तक हवा में रहने में सक्षम एसपीबी विकसित करना है। यह मिशन महत्वपूर्ण है, क्योंकि एसपीबी सेटेलाइट की तुलना में कई फायदे प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, एसपीबी बहुत सस्ते होते हैं और सेटेलाइट द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों को करने में सक्षम होते हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भारत के पहले सुपर प्रेशर बैलून के लांच में भाग लिया व इसे अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी में भारत की तीव्र प्रगति के बीच देश और आंध्र प्रदेश दोनों के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। कहा, पीएम मोदी के प्रयासों के कारण आज हम अंतरिक्ष क्षेत्र में आठ अरब डालर का उद्योग हैं। अगले दशक में ही हमारा लक्ष्य 40 अरब डालर का उद्योग बनना है।

## एयरफोर्स स्टेशन का वीडियो बनाते डाक्टर गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, हासीमारा** : बंगाल के हासीमारा एयरफोर्स स्टेशन के निकट से मंगलवार रात एक डाक्टर को गिरफ्तार किया गया है। वह लड़ाकू विमानों और एयरफोर्स स्टेशन के आसपास का वीडियो बना रहा था। आरोपित की पहचान मानब चंदा के रूप में हुई है। वह पड़ोसी जिला कूचबिहार का रहने वाला है और पेशे से डाक्टर है। पूछताछ के दौरान उसने अपना एमबीबीएस पहचान पत्र दिखाया और दावा किया कि वह एक निजी चिकित्सक है।

# सीबीएसई का त्रिभाषा फार्मूला फिलहाल जारी रहेगा



- सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इन्कार, जुलाई के दूसरे हफ्ते में याचिकाओं पर सुनवाई

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली** : नौवीं और दसवीं कक्षा में भी बच्चों को अनिवार्य रूप से दो भारतीय भाषाएं एवं एक कोई अन्य भाषा पढ़ाने के सीबीएसई के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। हालांकि याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट इस मामले की सुनवाई को राजी हो गया है और केंद्र सरकार, सीबीएसई व एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने मामले को जुलाई के दूसरे हफ्ते में सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने बुधवार को एएसजी ऐश्वर्य भाटी से त्रिभाषा फार्मूला लागू करने के लिए सीबीएसई की लाजिस्टिकल तैयारियों पर एक रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सीबीएसई के त्रिभाषा फार्मूले लागू करने के निर्देश पर सवाल खड़े किए। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि भाषा पसंद का मामला है, इसे किसी पर इस तरह थोपा नहीं जा सकता। कोर्ट ने इन्हें सुनने के बाद कहा कि वह अभी इसे नहीं सुन सकते, न ही इस पर कोई भी अंतरिम आदेश दे सकते हैं। वह जुलाई में इस मामले को सुनेंगे। गौरतलब है कि एनईपी की सिफारिशों के मद्देनजर सीबीएसई ने हाल में सर्कुलर जारी एक जुलाई से स्कूलों में नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य की है।

## ड्रग्स तस्करी में शामिल नाव पर हमला, एक की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी** : अमेरिकी सेना ने मंगलवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में नशीले पदार्थों की तस्करी के संदेह में एक नाव पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दक्षिणी कमान ने कहा है कि उसने अमेरिकी तटरक्षक बल को सूचित किया है ताकि बचे लोगों की खोज और बचाव प्रणाली को सक्रिय किया जा सके। ट्रंप प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिकी जलक्षेत्रों में कथित तौर पर नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नावों को निशाना बनाया जा रहा है। सितंबर से जारी इस अभियान के तहत अबतक 194 लोग मारे गए हैं। सेना ने नशीले पदार्थ ले जाने का आरोप तो लगाया लेकिन इस संदर्भ में कोई सबूत पेश नहीं किया। पेंटागन की निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह इस बात का मूल्यांकन करेगी कि क्या अमेरिकी सेना ने कथित मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली नौकाओं पर हमले करते समय एक स्थापित लक्ष्य निर्धारण ढांचे का पालन किया था।

# भारत ने पाक को चेताया, सीमा पार आतंकवाद पर भुगतने होंगे परिणाम

- कहा– आतंकी हमलों से अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार
- जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने दिया करारा जवाब

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी** : भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को आगाह किया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को यह मानना होगा कि सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करने के परिणाम भुगतने होते हैं। पड़ोसी देश की ओर से प्रायोजित ऐसे आतंकी हमलों से अपनी रक्षा करने का उसे पूरा अधिकार है।

यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, "मुझे आज पाकिस्तान द्वारा की गई निराधार और अनुचित टिप्पणियों का जवाब देना होगा। भारत तथ्यों को स्पष्ट करना चाहता है।" उन्होंने कहा, "आजादी के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान के सीमा पार आक्रमण का सामना किया, जिसने उन भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने का प्रयास किया, जो वैध विलय के परिणामस्वरूप भारत का हिस्सा बन चुके थे।" हरीश ने यह करारा जवाब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के उस बयान के बाद दिया, जिसमें उन्होंने जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उठाया और सिंधु जल संधि का भी जिक्र किया। भारत ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस संधि को स्थगित कर दिया था। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की मई की अध्यक्षता चीन के पास है। हरीश ने कहा, 'सीमा पार आतंकवाद का पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल और हजार जख्म देकर भारत को कमजोर करने का उसका सिद्धांत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति उसकी प्रतिबद्धता संबंधी खोखली बयानबाजी को उजागर करता है।

### 'सुरक्षा परिषद को जीवंत संस्था बनाने की जरूरत'

भारत ने चीन की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा परिषद की बैठक में वीटो का अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्यों के बीच मतभेदों को उजागर किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा परिषद एक जीवंत संस्था होनी चाहिए, न कि कोई जीवाश्म, जिसकी स्थिर संरचना 1945 के कंप्यूटर वर्जन पर उन्नत एआइ को चलाने के समान हो।

## सिंगापुर की अदालत ने बायजू रवींद्रन को छह माह की जेल की सजा सुनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी** : सिंगापुर की एक अदालत ने बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन को अदालत की अवमानना के आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। उद्यमी ने कहा कि यह फैसला प्रक्रियात्मक है और वे इसके खिलाफ अपील करेंगे।

यह फैसला बायजू के संस्थापक के लिए अब तक का सबसे बड़ा कानूनी झटका है। बायजू कभी भारत के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप्स में से एक था, जो महामारी के बाद आई भीषण मंदी के बाद से निवेशकों के विवादों, कर्ज संबंधी मुकदमों और परिचालन संबंधी उथल–पुथल से जूझ रहा है। अदालत ने रवींद्रन को अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने, 90,000 सिंगापुर डालर का कानूनी खर्च अदा करने और बीयर इन्वेस्टको प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। बीयर इन्वेस्टको प्राइवेट लिमिटेड सिंगापुर स्थित एक कंपनी है, जिसके पास संबद्ध कंपनी में शेयर हैं। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आदेश के समय रवींद्रन सिंगापुर में मौजूद थे या नहीं। उनके वकीलों ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करने पर विचार कर रहे हैं।

# तपती धरती ही लाती है बारिश, भीषण गर्मी के पीछे छिपा है प्रकृति का बड़ा विज्ञान

**आसमान से बरसती आग से कमोबेश पूरा देश हलकान हैं। जहां देखो सिर्फ गर्मी के सितम की ही चर्चा हो रही है। जाहिर सी बात है कि इससे जनजीवन बहुत परेशान है, लेकिन इस तीक्ष्ण गर्मी का गुलाबी पहलू भी है। मौसम विज्ञानियों और पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार जितना ज्यादा गर्मी पड़ेगी दक्षिण पश्चिमी मानसून उतना ही ताकतवर होकर देश का कोना–कोना सराबोर करेगा।**

### मानसून का रास्ता भी बना रही

हालांकि विज्ञानी यह भी मान रहे हैं कि लगातार बढ़ रही हीटवेव लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों, बुजुर्गों और खुले में काम करने वाले लोगों को हो रही है। विशेषज्ञों में कहा कि गर्मी और मानसून अलग–अलग चीजें नहीं हैं, बल्कि दोनों एक ही मौसमी चक्र का हिस्सा हैं। उत्तर–पश्चिम भारत की यही भीषण गर्मी मानसून की हवाओं को देश के भीतर तक खींच रही है। यानी जिस गर्मी से लोग बारिश की दुआ मांग रहे हैं, वही गर्मी इस वक्त मानसून के आने का रास्ता भी तैयार कर रही है।



### तपिश बना रही कम दबाव का विशाल क्षेत्र

स्काइमेट के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी महेश पालावत के अनुसार मई–जून में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पाकिस्तान का इलाका समुद्र की तुलना में बहुत तेजी से गर्म हो रहा है। लगातार पड़ रही तेज धूप जमीन को इतना गर्म कर देती है कि इससे उत्तर–पश्चिम भारत में कम दबाव का एक बड़ा क्षेत्र बनता है। जिससे वहां की हवा तेजी से ऊपर उठने लगती है। जिसे मौसम विज्ञानी हीट लो कहते हैं। अन्य कारकों के साथ यही हीट लो मानसून की असली ताकत बनता है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी से भरी हवाएं तेजी से इस कम दबाव वाले क्षेत्र को भरने के लिए आगे बढ़ती हैं। फिर यही हवाएं देशभर में बारिश लेकर आती हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि दिल्ली और आसपास के इलाके इसलिए ज्यादा गर्म महसूस होते हैं क्योंकि यह क्षेत्र समुद्र से दूर है। मुंबई या चेन्नई जैसे तटीय शहरों में समुद्री हवाएं तापमान को कुछ हद तक संतुलित रखती हैं, लेकिन दिल्ली और उत्तर–पश्चिम भारत में ऐसी राहत नहीं मिलती। ऊपर से थार रेगिस्तान से आने वाली गर्म हवाएं तापमान को और ज्यादा बढ़ा देती हैं।

**गर्मी खेती को भी फायदा पहुंचा रही** : विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी से बनने वाला दबाव अंतर मानसून की रफ्तार को मजबूत करता है। जितनी ज्यादा गर्मी पड़ती है, उतनी ही तेजी से समुद्र से हवाएं जमीन की ओर बढ़ती हैं और बारिश की प्रक्रिया मजबूत होती जाती है। तेज गर्मी खेती के लिए भी कई मायनों में मददगार बन रही है। अत्यधिक तापमान कई फफूंद और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले रोगों को कम कर रहा है। मिट्टी में मौजूद कई खरपतवारों के बीज भी इस गर्मी में कमजोर पड़ रहे हैं। यही समय मूंग, चारे वाली फसलें और आम जैसी गर्मी की फसलों के पकने का भी होता है।

नईदुनिया रिसर्च


JASH

JASH ENGINEERING LIMITED

CIN: L28910MP1973PLC001226

RODNEY HUNT Since 1840 RODNEY HUNT INC. USA | Since 1927 MAHR MASCHINENBAU GMBH, AUSTRIA | WATERFRONT Since 2006 WATERFRONT FLUID CONTROLS LTD, UK

*Equipment for water & waste water conveyance, pumping & treatment*

Rs.757 Cr Total Income | Rs.76 Cr PAT | Rs.12 EPS | Rs.409 Cr Revenue out of India | Rs.899 Cr Order Book Position

EXTRACT OF THE AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026

| Sr. No. | Particulars (Rs. In Lakhs Except for EPS) | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Mar-2026 Audited | 31-Dec-2025 Unaudited | 31-Mar-2025 Audited | 31-Mar-2026 Audited | 31-Mar-2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 29957.19 | 16458.17 | 30341.75 | **75668.00** | 74556.04 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax | 6933.74 | 1290.56 | 5090.97 | **9009.20** | 10763.67 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | 5665.29 | 1306.64 | 3575.04 | **7551.59** | 8676.94 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 6589.60 | 1553.94 | 3675.12 | **9356.88** | 8816.66 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.2/- each) | 1258.10 | 1258.10 | 1255.10 | **1258.10** | 1255.10 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised) | 9.01 | 2.08 | 5.72 | **12.01** | 13.88 |
| | b) Diluted (not annualised) | 8.98 | 2.07 | 5.68 | **11.97** | 13.78 |

EXTRACT OF THE AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026

| Sr. No. | Particulars (Rs. In Lakhs Except for EPS) | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Mar-2026 Audited | 31-Dec-2025 Unaudited | 31-Mar-2025 Audited | 31-Mar-2026 Audited | 31-Mar-2025 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 19489.57 | 10646.36 | 19713.27 | **50904.37** | 52308.84 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax | 4063.32 | 1789.15 | 2913.55 | **8738.53** | 9372.25 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | 3102.41 | 1502.92 | 2214.36 | **6808.73** | 7528.69 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 3084.77 | 1560.92 | 2208.38 | **6748.63** | 7355.53 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.2/- each) | 1258.10 | 1258.10 | 1255.10 | **1258.10** | 1255.10 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised) | 4.94 | 2.77 | 3.54 | **10.83** | 12.04 |
| | b) Diluted (not annualised) | 4.92 | 2.76 | 3.51 | **10.79** | 11.96 |

The above audited standalone and consolidated financial results of Jash Engineering Limited ("the Company" or "the Holding Company") for the quarter and year ended 31st March, 2026 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their meeting held on 26th May, 2026. The full format of the audited Standalone and Consolidated Financial Results are available on the website of the National Stock Exchange of India Limited, www.nseindia.com, BSE Limited www.bseindia.com, and on the Company's website.

**Reg Office: 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015,MP, INDIA**
Ph: 0731-6732700
Email:- info@jashindia.com
Website: www.jashindia.com

Scan QR

CELEBRATING 52 YEARS 1973-2025 WHEN EVERY DROP COUNTS JASH

For, **Jash Engineering Limited**
**Pratik Patel**
Chairman & Managing Director
DIN- 00780920

*Contributing to a sustainable environment......... World wide!*